बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

अधिसूचना

अधि० सं०:- 635171 ग्रा०वि०, पटना, दिनांक:- 07.10.26

ग्रा०वि०-3/स्था०-02-95/2022

बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार, पटना के ज्ञापांक 3554 दिनांक 16.09.2026 द्वारा श्री आर्य गौतम, जिला विकास पदाधिकारी, शेखपुरा को युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अन्तर्गत बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार, पटना के अधीन सहायक मिशन निदेशक (प्रशासन एवं समन्वय) के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्ष की अवधि के लिए चयन किया गया है । फलस्वरूप श्री आर्य गौतम द्वारा उक्त पद पर योगदान करने हेतु विरमित करने का अनुरोध किया गया है ।

2. बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 के नियम-21 के अधीन चतुर्थ अनुसूची-(क) प्रशासनिक मामलों में शक्तियों का प्रत्यायोजन की कंडिका-9(iii) के आलोक में श्री आर्य गौतम, जिला विकास पदाधिकारी, शेखपुरा को युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अन्तर्गत बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार, पटना के अधीन सहायक मिशन निदेशक (प्रशासन एवं समन्वय) के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर योगदान करने हेतु पत्र निर्गत की तिथि से विरमित किया जाता है।

3. नवअधिसूचित पदाधिकारी के वेतनादि का भुगतान बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार, पटना द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में योगदान की तिथि से बिहार वित्तीय नियमावली के प्रावधानों के आलोक में किया जायेगा ।

4. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

7.10.26

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 635171 दिनांक:- 07.10.26

ग्रा०वि०-3/स्था०-02-95/2022

प्रतिलिपि- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

7.10.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 635171 दिनांक:- 07.10.26

प्रतिलिपि:- महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को० E-mail ID- payslipsection@gmail.com) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

7.10.26

सरकार के अपर सचिव

आवेदन सं- 733

ज्ञापांक:- 635171 दिनांक:- 07.10.26

ग्रा0वि0-3/स्था0-02-95/2022

प्रतिलिपि:- जिला पदाधिकारी, शेखपुरा/ उप विकास आयुक्त, शेखपुरा/ जिला कोषागार पदाधिकारी, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. जिला पदाधिकारी, शेखपुरा से अनुरोध है कि श्री आर्य गौतम, जिला विकास पदाधिकारी, शेखपुरा से सेवा संहिता के नियम 157 के तहत इनके विरूद्ध किसी प्रकार का बकाया आदि नहीं है, से संबंधित घोषणा पत्र प्राप्त कर अविलंब इन्हें चयनित पद पर योगदान देने हेतु विरमित करने की कृपा की जाय ।

7.10.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 635171 दिनांक:- 07.10.26

प्रतिलिपि:- श्री आर्य गौतम, जिला विकास पदाधिकारी, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. निदेशित किया जाता है कि बिहार सेवा संहिता के नियम 157 के तहत जिला पदाधिकारी, शेखपुरा को घोषणा पत्र समर्पित करेंगे कि आपके विरूद्ध किसी प्रकार का बकाया आदि नहीं है।

7.10.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 635171 दिनांक:- 07.10.26

प्रतिलिपि:- सचिव, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अन्तर्गत बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक 3554 दिनांक 16.09.2026 के प्रसंग में सूचनार्थ प्रेषित ।

7.10.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 635171 दिनांक:- 07.10.26

प्रतिलिपि:- अपर मुख्य सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/ प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा-14/ आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ) को सूचनार्थ प्रेषित ।

7.10.26

सरकार के अपर सचिव

आवेदन सं- 733